पत्रांकः–वन भूमि–129 / 2021....................... / प०व०ज०प०

**बिहार सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**प्रेषक,**

**सुधीर कुमार,**
वन संरक्षक–सह–अपर सचिव।

**सेवा में,**

**उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),**
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, मेकॉन कॉलोनी,
A-2 श्यामली, राँची–834002

**पटना–15, दिनांक..........................**

**विषय :–** भारतमाला परियोजना के तहत किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज–बहादुरगंज (0.00–22.70 कि.मी.) पथांश के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 6.214 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति के संबंध में।

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि भारतमाला परियोजना के तहत किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज–बहादुरगंज (0.00–22.70 कि.मी.) पथांश के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 6.214 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई पूर्णियाँ' द्वारा समर्पित किया गया है, जो प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना के अनुमोदनोपरांत नोडल पदाधिकारी, (वन संरक्षण), बिहार की अनुशंसा के साथ प्राप्त हुआ है।

विषयांकित पथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अधिसूचना संख्या–435 (ई०) दिनांक–15.04.1994 द्वारा सुरक्षित वन के रूप में अधिसूचित है परन्तु भूमि का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग का है। प्रस्तावित परियोजना में 6.214 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्तावित है। परियोजना निर्माण में प्रभावित होने वाले 1145 वृक्षों में से 181 वृक्षों का परयोजना निर्माण के क्रम में पातन एवं 964 वृक्षों का पुर्नस्थापन प्रस्तावित किया गया है। विषयांकित अपयोजन प्रस्ताव हेतु वानस्पतिक घनत्व 0.3 अंकित किया गया है।

परियोजना निर्माण में अपयोजित होने वाली वनभूमि के लिए जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा निर्गत FRA, 2006 प्रमाण–पत्र संलग्न है।

परियोजना निर्माण के क्रम में कुल 6.214 हे0 अपयोजित होने वाली वन भूमि के बदले क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दुगुने 12.428 हे0 अर्थात–13.0 हे० अवकृष्ट वन भूमि को वन प्रमंडल अररिया के अररिया वन प्रक्षेत्र के हड़िया, सुरक्षित वन को चिन्हित करते हुए वृक्षारोपन का प्राक्कलन वन प्रमंडल पदाधिकारी, अररिया से प्राप्त की गयी है। क्षतिपूरक वनीकरण के लिए चिन्हित वन भूमि का Geo-referenced नक्शा एवं वन भूमि क्षतिपूरक वनीकरण के लिए उपर्युक्त है का प्रमाण पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न है।

विषयांकित प्रस्ताव में संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी का अनुशंसा प्रपत्र–II के रूप में एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न है। वन संरक्षक द्वारा प्रस्ताव की अनुशंसा की गयी

है, जिसका अनुमोदन प्रपत्र–III के रूप में एवं नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार द्वारा की गयी अनुशंसा प्रपत्र IV के रूप में संलग्न है।

वन (संरक्षण), अधिनियम, 1980 के तहत निम्नांकित शर्त्तों के साथ प्रस्ताव की अनुशंसा की जाती है :–

1. भूमि का वैधानिक स्वरूप यथावत रहेगा।
2. 6.214 हे० वन भूमि के लिये नेट प्रजेन्ट भेल्यू (NPV) के मद में रू० 6.26 लाख प्रति हे० के दर से रू० 38,89,964/–(अड़तीस लाख पचपन नब्बासी हजार नौ सौ चौसठ रूपये) मात्र प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के पक्ष में जमा कराया जायेगा।
3. अपयोजित होने वाली 6.214 हे० वन भूमि के बदले में क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिये अररिया वन प्रमंडलान्तर्गत 13.00 हे० अवकृष्ट वन भूमि सुरक्षित वन में चिन्हित करते हुए रू० 62,92,557/–(बासठ लाख बानवे हजार पाँच सौ सन्तावन रूपये) मात्र का प्राक्कलन प्रस्ताव के साथ संलग्न है। क्षतिपूरक वृक्षारोपण की राशि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा तात्कालिक मजदूरी दर पर उपलब्ध करायी जायेगी।
4. वृक्षों का पातन विभागीय देखरेख में प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा अपने खर्च पर किया जाएगा एवं पातित काष्ठ को विभागीय वनागार तक पहुँचाया जाएगा। प्राप्त काष्ठ की नीलामी इत्यादि के लिए विभाग को 1276/– रूपये प्रति घनमीटर की दर से राशि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराएगी।

प्रस्ताव को संलग्न अभिलेख सहित भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रस्ताव के संदर्भ में लिये गये निर्णय से राज्य सरकार को संसूचित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह०/–
**(सुधीर कुमार)**
वन संरक्षक–सह–अपर सचिव

**ज्ञापांक** :– वन भूमि–129/2021......................./प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक....................................

**प्रतिलिपि** :–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार/परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह०/–**
**(सुधीर कुमार)**
वन संरक्षक–सह–अपर सचिव

**ज्ञापांक** :– वन भूमि–129/2021 320 (ई)/प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 26/04/2022

**प्रतिलिपि** :–आई०टी० मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को निदेश दिया जाता है कि प्रस्ताव को मंत्रालय के वेब–साईट पर अपलोड करते हुए पार्ट–2 उपलब्ध कराया जाय।

ह० 26/4/2022
**(सुधीर कुमार)**
वन संरक्षक–सह–अपर सचिव

**Van Bhumi:- 129/2021**

# PART-V

(To be filled in by the Secretary Charge of forest Department or by any other authorizes officer of the State Government not below the rank of an Under Secretary)

| | |
|---|---|
| Adverse comments made by any officer or authority in Part-B or Part-C or Part-D above should be specifically commented upon. | The proposed diversion of 6.214 ha. forest land for construction of Rehabilitation and upgrading to Kishanganj-Bahadurganj Road under Kishanganj District may be sanctioned subject to the condition/stipulation mentioned in the forwarding letter. |

Date:- 26/4/2022

Place:- PATNA

Signature:- Sudhir Kumar

Name of Designation:- अपर सचिव

Official Seal:- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार, पटना।